2277/2017/ESTB
I/185/2017

File No.PEB-ESTB024/15/2017-ESTB

प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल
चयन भवन, मेन रोड नं.–1, चिनार पार्क(ईस्ट) भोपाल–462011

//प्रेस विज्ञप्ति//

प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल द्वारा आयोजित भर्ती/चयन/पात्रता परीक्षाओं के लिए केन्द्रीय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति हेतु पैनल तैयार किया जाना है। इस प्रयोजन हेतु वर्ष 2012 के पश्चात् सेवानिवृत्त हुए निम्नानुसार अधिकारियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं :–

1. मध्यप्रदेश शासन/भारत सरकार के अंतर्गत सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र से सेवानिवृत्त हुए ऐसे प्रथम श्रेणी अधिकारी जो इस क्षेत्र में कम से कम स्नातकोत्तर उपाधि की योग्यता रखते हो।
2. अखिल भारतीय सेवाओं से सेवानिवृत्त अधिकारी/केन्द्र सरकार से सेवानिवृत्त हुए ऐसे अधिकारी जो संयुक्त सचिव स्तर से नीचे के न हों।

केन्द्रीय पर्यवेक्षक हेतु उक्त अनुसार आवेदन करने वाले सेवानिवृत्त अधिकारियों के विरूद्ध कोई विभागीय/अपराधिक/न्यायालयीन प्रकरण लंबित नहीं होना चाहिये। इस हेतु आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप मंडल की वेबसाईट www.vyapam.nic.in पर उपलब्ध है। बोर्ड द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं में नियुक्त केन्द्रीय पर्यवेक्षकों को बोर्ड द्वारा स्वीकृत मानदेय तथा शासन के नियमानुसार यात्रा व्यय/भत्तों की पात्रता होगी।

निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र दिनांक 30/06/2017 तक प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड के ई–मेल vyapam@mp.nic.in पर प्रेषित किया जा सकता है।

संचालक, पीईबी

8/6/17

Dr. Alok Verma
Joint Controller
PEB, Bhopal